कक्षा 1 में प्रवेश हेतु उपयुक्त आयु

स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस

कक्षा 1 में प्रवेश लेने की उपयुक्त आयु का मुद्दा भारत में लंबे समय से बहस का विषय रहा है।

मार्च 2022 तक 14 राज्य तथा केंद्रशासित प्रदेश ऐसे थे, जो छह वर्ष से कम आयु के बच्चों को कक्षा 1 में प्रवेश की अनुमति देते थे।
हालाँकिकेंद्र सरकार ने हाल हीमें नईशिक्षा नीति (NEP) 2020 के तहत सभीराज्यों तथा केंद्रशासित प्रदेशों में कक्षा 1 के लिये प्रवेश
की न्यूनतम आयु छह वर्ष करने का आदेश दिया है।

NEP 2020 में कक्षा 1 में प्रवेश हेतु न्यूनतम आयु क्या है?

नईनईशिक्षानीति 3-8 वर्ष (मूलभूतचरण), 8-11 वर्ष (प्रारंभिकचरण), 11-14 वर्ष (मध्यमचरण) और 14-18 वर्ष (माध्यमिकचरण) के
आयु समूहों के अनुरूप औपचारिक स्कूली शिक्षा के लिये "5+3+3+4" की रूपरेखा पर ज़ोर देती है।
यहप्रारंभिकबचपनकीशिक्षा (जिसे3 से 5 वर्ष कीआयुके बच्चोंके लियेप्रीस्कूलशिक्षाके रूपमें भीजानाजाताहै) कोऔपचारिक स्कूली शिक्षा के दायरे में लाती है।
इसका अर्थ यह है कि तीन वर्ष की प्रारंभिक बचपन की शिक्षा पूरी करने के बाद कक्षा 1 में प्रवेश के लिये बच्चे की उम्र 6 वर्ष होनी चाहिये।

नोट:

शिक्षा का अधिकार (RTE) अधिनियम, 2009, 6-14 वर्ष की आयु तक शिक्षा की गारंटी देता है।
इसका अर्थ यह है कि एक बच्चे से 6 वर्ष की उम्र में प्रारंभिक शिक्षा (कक्षा 1) शुरू करने की उम्मीद की जाती है।

औपचारिक शिक्षा के लिये प्रवेश आयु के विषय में शोध क्या कहता है?

तुलनात्मक अध्ययन में देखा गया कि न्यूज़ीलैंड में बच्चों के समूह 5 और 7 वर्ष की उम्र में औपचारिक साक्षरता पाठ शुरू करते हैं।
जिनबच्चों ने5 वर्षकीउम्र मेंशुरुआतकी, उन्होंने पढ़ने के प्रतिकमसकारात्मकदृष्टिकोणदिखायाऔरबादमेंशुरूकरने वालोंकी तुलना में पाठ की कमज़ोर समझ प्रदर्शित की।
प्रवेश आयु को लेकर वैश्विक परिप्रेक्ष्य:
पूर्वी एशिया और अधिकांश यूरोपीय देशों में प्राथमिक विद्यालय के लिये छह वर्ष मानक आयु है।
स्कैंडिनेवियाई देशों में औपचारिक शिक्षा सात वर्ष की आयु में शुरू होती है।

UPSC सिविल सेवा परीक्षा, विगत वर्ष के प्रश्न

प्रिलिम्स:

प्रश्न. संविधान के निम्नलिखित में से किस प्रावधान का भारत की शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है? (2012)

1. राज्य के नीति निदेशक सिद्धांत
2. ग्रामीण एवं शहरी स्थानीय निकाय
3. पाँचवीं अनुसूची
4. छठी अनुसूची
5. सातवीं अनुसूची

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

(a) केवल 1 और 2
(b) केवल 3, 4 और 5
(c) केवल 1, 2 और 5
(d) 1, 2, 3, 4 और 5

उत्तर- (d)

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/appropriate-age-for-class-1-admission